**Statement regarding notices given by various Members**

माननीय अध्यक्ष **:** श्री किरेन रिजिजू जी, क्या आप कुछ बोलना चाहते हैं?

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** अध्यक्ष महोदय, हम सब लोग यहां पर चर्चा करने के लिए आए हैं । मैं एक चीज स्पष्ट रूप से कह देना चाहता हूं कि जितने भी नोटिसेज आए हैं, कई दिनों से नोटिसेज आ रहे हैं, कई मुद्दे दोनों सदनों की ओर से आए हैं । विपक्ष और पक्ष हर पार्टी की तरफ से किसी न किसी मुद्दे के लिए नोटिस सर्व किए गए हैं । हम सरकार की तरफ से नियम और माननीय अध्यक्ष जी की परमिशन के बाद किसी भी चीज के लिए पीछे नहीं हटते हैं । बीएसी में तय किया गया है कि हम पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करेंगे । अगर कोई और मुद्दा आता है तो उसको बीएसी में तय करेंगे । मेरा अपने विपक्ष के साथियों से अनुरोध है, चूंकि आज सदन दो बार स्थगित हो चुका है, जैसे हमने तय किया है, ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे चर्चा करने के बाद अगर कोई भी विषय बीएसी में आएगा और बीएसी में रूल तथा परम्परा के तहत अध्यक्ष जी की परमिशन से जो मुद्दे एक्सैप्ट किये जाएंगे, सरकार उसके लिए तैयार है । किसी विषय को लेकर, यहां कंडीशन लगाकर आज के महत्वपूर्ण ऑपरेशन सिंदूर डिबेट को डिस्टर्ब करने की कोशिश न करें, मेरा आप सभी से यह आग्रह है । ? (व्यवधान) मैंने सभी मुद्दों के बारे में कहा है । हर मुद्दा इम्पॉर्टेंट होता है । ? (व्यवधान)

**14.03 hrs**